अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ प्राथमिक चिकित्सा व सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान

आज दिनांक 11 सितंबर 2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में महाविद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ,यूथ रेड क्रॉस व रेड रिबन क्लब इकाइयों द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में प्राथमिक चिकित्सा व सड़क सुरक्षा जैसे अति संवेदनशील विषय पर व्याख्यान व ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की उप प्राचार्य श्रीमती कमल टंडन जी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती दर्शन भाटिया जी ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न नियमों से अवगत कराया । उन्होंने कहा कि मनुष्य को यह जीवन एक बार मिलता है, जो बेशकीमती है क्योंकि इस जीवन से उससे जुड़े परिवार के सभी लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं ।दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति के पुत्र, पुत्री, माता, पिता, पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को दुख झेलना पड़ता है।वही उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा की विभिन्न विधियों से जैसे हड्डियों के टूटने , रक्त बहने, जहरीले जीवो के काटने, सड़क दुर्घटना ग्रस्त लोगों का कैसे प्राथमिक उपचार किया जाता है के बारे में स्वयं सेवकों बताया ।ऑन द स्पॉट पेंटिंग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा बीएससी द्वितीय वर्ष, दूसरा स्थान निकिता भारद्वाज बीएससी द्वितीय वर्ष व तीसरा स्थान सृष्टि बीएससी तृतीय वर्ष और सांत्वना पुरस्कार प्रिंस हुड्डा बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव विकास कुमार जी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाविद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा, सुश्री प्रिया अरोड़ा, यूथ रेड क्रॉस के काउंसलर श्री सुभाष कैलोरिया, श्री लवकेश व रेड रिबन क्लब की कोऑर्डिनेटर श्रीमती नेहा गोयल व श्रीमती त्रिमेश कालरा जी उपस्थित रहे।